भोपाल | शनिवार | 6 सितम्बर 2025 | वर्ष 69 | अंक 213 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित सर्वोपरि 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



4 शिक्षकों के सम्मुख विभिन्न नई चुनौतियां



5 पंजाब को राहत देने सरकार तैयार



8 भारत ने थाईलैंड को 11-0 से हराया



9 2030 तक दालों में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

# भारत-रूस को खो दिया

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सोशल मीडिया पर छलका दर्द





**नयी दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता). भारत के खिलाफ अमेरिका में ऊंचे आयात शुल्क को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी है कि उनके देश के साथ भारत की दूरियां बढ़ गयीं हैं और वह संभवत: चीन के साथ जुड़ रहा है.**

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक संक्षिप्त पोस्ट में लिखा, ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को अति रहस्यमयी और अति खतरनाक चीन के हाथों खो दिया है. ईश्वर करे कि उनका भविष्य दीर्घ और समृद्ध हो.

इस कथन के साथ उन्होंने हाल ही में तियांजिन में संपन्न हुयी शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और चीनी प्रमुख शी जिनपिंग की एक फोटो टैग की है.

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के सामान पर अमेरिका में 25 प्रतिशत की दर से ऊंचा शुल्क लगाने के साथ ही रूस का तेल खरीदने के लिए अमेरिका के आपातकाल के कानूनों के तहत शुल्क को दोगुना कर दिया है. ट्रंप ने गुरुवार को नाटो के नेताओं के साथ बातचीत में उनसे रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने का सिलसिला बंद करने का भी दबाव डाला था.

### भारत ने नवारो के बयानों को किया खारिज



भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और रूस के चीन के हाथों खोने संबंधी बयान पर कोई प्रतिक्रिया करने से इंकार किया है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यापार सलाहकार पीटर नवारों के बयानों को भ्रामक बताते हुए अस्वीकार कर दिया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत अमेरिका संबंधों के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि दोनों देशों के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है और दोनों उसके एजेंडे के प्रति वचनबद्ध हैं.

## नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर माओवादी का शव बरामद

**नारायणपुर/दंतेवाड़ा, 05 सितम्बर (वार्ता).** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी का शव बरामद किया गया है. यह कार्रवाई नारायणपुर जिला रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) के जवानों द्वारा की गई, जिन्होंने तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से शव बरामद किया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (दंतेवाड़ा) ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया, ऑपरेशन के दौरान जवानों ने इलाके में मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान चलाया, जिसमें एक माओवादी का शव बरामद हुआ है. मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है और जांच जारी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मुठभेड़ गुरुवार देर रात उस समय हुई जब सुरक्षा बलों की टीम नियमित गश्त और सर्च ऑपरेशन पर थी. मुठभेड़ के दौरान कुछ माओवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे. घटना स्थल से शव के अलावा कुछ अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई है.

# बम धमाकों की धमकी के बाद मुंबई में हाई अलर्ट

**मुंबई, 05 सितंबर (वार्ता). मुंबई पुलिस को अनंत चतुर्दशी उत्सव से एक दिन पहले शहर में बम धमाके करने की मिली धमकी के बाद पुलिस को हाई अलर्ट कर दिया गया है.**

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अधिकारिक फोन नंबर पर आये एक धमकी भरे संदेश में दावा किया गया है कि मानव बमों से युक्त 34 वाहन मुंबई में हैं. इस चेतावनी में आगे कहा गया है कि विस्फोटों के बाद शहर दहल जाएगा. अनंत चतुर्दशी पर्व शनिवार को मनाया जाएगा.

इस संदेश को भेजने वाले ने खुद को लश्कर-ए-जिहादी नामक एक समूह से जुड़ा बताया और एक चौंकाने वाला यह भी दावा किया कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी पहले ही शहर में घुसपैठ कर चुके हैं. धमकी भरे संदेश के अनुसार, इन होने वाले धमाकों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा, और भेजने वाले ने दावा किया है कि इससे एक करोड़ तक लोग मारे जा सकते हैं.

यह संदेश कल शाम, सोशल मीडिया एप्लिकेशन व्हाट्सएप के माध्यम से यातायात पुलिस के आधिकारिक नंबर पर प्राप्त हुआ. इससे पहले अगस्त में वर्ली इलाके के होटलों और जुलाई में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को उड़ाने की धमकियां मिली थीं.

### विसर्जन स्थलों पर 10 हजार अधिकारी-कर्मचारी तैनात

पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर, जब गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए मुंबई भर में हजारों श्रद्धालु एकत्रित होते हैं, इस संवेदनशील समय को देखते हुए इस संदेश को गंभीरता से लिया जा रहा है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदेश के स्रोत का पता लगाने और उसकी प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए साइबर और आतंकवाद-रोधी इकाइयों को कहा गया है. शहर भर के महत्वपूर्ण चौराहों, धार्मिक जुलूसों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा जांच बढ़ा दी गई है. सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने के लिए विसर्जन स्थलों पर लगभग 10,000 अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है.

## एक नजर में



### शिल्पा और राज पर लुकआउट सर्कुलर जारी

**नयी दिल्ली.** एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति कारोबारी राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं. मुंबई पुलिस ने दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है. आरोप है कि उन्होंने एक व्यवसायी से निवेश के नाम पर 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की. व्यवसायी दीपक कोठारी ने शिकायत दर्ज कराई है कि शिल्पा और राज ने अपने बिजनेस बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड को बढ़ाने के नाम पर उनसे 60 करोड़ रुपये लिए थे. शुरुआत में इसे लोन बताया गया और 12 फीसदी सालाना ब्याज देने का वादा किया गया. बाद में टैक्स बचाने के बहाने इसे निवेश के रूप में दिखाया गया. कोठारी का दावा है कि इस रकम को निजी खर्चों में उड़ा दिया गया. उन्होंने कहा कि शिल्पा शेट्टी ने खुद लिखित गारंटी दी थी, लेकिन बाद में कंपनी से डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया.

### ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी : सीडीएस चौहान

**नयी दिल्ली.** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध में सफलता के लिए सरप्राइज अहम होता है. उरी सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट एयर स्ट्राइक और गलवान तक भारतीय सेनाओं ने हर बार दुश्मन को चौंकाकर अपना लक्ष्य हासिल किया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी आधिकारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ है. साथ ही कहा कि पीएम मोदी द्वारा घोषित सुदर्शन चक्र वायु रक्षा प्रणाली 2035 तक तैयार हो जाएगी, जो भारत को और अधिक सशक्त बनाएगी. इसका मकसद केवल बदला लेना नहीं बल्कि धैर्य और रणनीतिक क्षमता का प्रदर्शन करना भी था.

### ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री का घोटाले में इस्तीफा

**लंदन.** ब्रिटेन की उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने शुक्रवार को संपत्ति कर की सही राशि का भुगतान न करने के मामले के सामने आने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया. श्रीमती रेनर ने दो दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उन्होंने होव स्थित अपने 800000 पाउंड के फ्लैट पर देय स्टाम्प शुल्क का कम भुगतान किया था. इसके बाद अब उन्होंने आवास सचिव और उप प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने लेबर पार्टी की उप नेता के पद से भी इस्तीफा दे दिया है. उनका इस्तीफा प्रधानमंत्री के आचार संबंधी सलाहकार सर लॉरी मैग्नस के यह कहने के बाद आया है कि श्रीमती रेनर ने ईमानदारी से काम किया लेकिन उन्होंने मंत्रिस्तरीय आचार संहिता का उल्लंघन भी किया है. अपनी रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि श्रीमती रेनर ने संपत्ति खरीदते समय कानूनी सलाह ली थी, लेकिन आगे विशेषज्ञ से जरूरी कर सलाह नहीं ली.

### गुस्ताखी माफ




# जनता तक पहुंचे जीएसटी कटौती का लाभ



**नयी दिल्ली,5 सितंबर. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि 22 सितम्बर से लागू होने वाली नई जीएसटी दरों का लाभ सीधे आम जनता तक पहुँचना चाहिए. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ताओं तक राहत नहीं पहुँची तो जिम्मेदार कंपनियों, उद्योगों और राज्य सरकारों से जवाबदेही तय की जाएगी.**

सीतारमण ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों को राहत देना है, भले ही इसके लिए राजस्व की चिंता बाद में करनी पड़े. उन्होंने कोविड महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि तब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्व की बजाय लोगों की जरूरतों को महत्व दिया और सभी को मुफ्त टीके उपलब्ध कराए.

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी सुधार का दूसरा चरण सरलता और उपभोक्ताओं को राहत पर केंद्रित है, जबकि आगे चलकर तीसरे चरण पर भी विचार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि 300 से अधिक वस्तुओं और सेवाओं पर दरें घटाई गई हैं, जिससे नवरात्रि और त्योहारों के मौसम में जनता को सीधी राहत मिलेगी.

सीतारमण ने स्पष्ट कहा कि टैक्स कटौती कंपनियों के लिए नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए है. यदि कंपनियां बहाने बनाकर लाभ रोकेंगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बीमा कंपनियों को भी निर्देश दिया कि वे प्रीमियम दरों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं को दें. 'वन नेशन वन जीएसटी' पर उन्होंने कहा कि अभी यह संभव नहीं है, क्योंकि राज्यों की परिस्थितियाँ अलग-अलग हैं.

# 20 करोड़ की साइबर ठगी का पर्दाफाश

### अलवर पुलिस चला रही ऑपरेशन साइबर संग्राम
### अपराधी से 17 चेकबुक 14 एटीएम कार्ड बरामद

**अलवर, 05 सितंबर (वार्ता). राजस्थान में अलवर पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत लगभग 20 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का पर्दाफाश करते हुए ठगी गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया हैं.**

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में गिरोह के सरगना बरकत अली निवासी गोपालगढ़ हाल वैशाली नगर अलवर को गिरफ्तार किया गया है. यह गिरोह म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करके कमीशन पर ठगी को अंजाम देता था. चौधरी ने बताया कि पुलिस को साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल हो रहे एक संदिग्ध खाते की जानकारी मिली, जिसके बाद जांच में पता चला कि खाताधारक बरकत अली के पास अलग-अलग पतों पर कई पहचान पत्र हैं. वैशाली नगर थानाधिकारी गुरुदत्त सैनी की टीम ने बरकत अली को पकड़ा. पूछताछ के बाद उसके किराए के मकान से 17 चेकबुक, 14 एटीएम कार्ड, पांच बैंक पासबुक, विभिन्न लोगों के हस्ताक्षर वाले चेक, तीन आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, दो स्वाइप मशीन और दो क्यूआर कोड स्कैनर मिले हैं. जांच में पता चला है कि बरकत अली के बैंक खातों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में करीब 32 साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें कुल 19 करोड़ 2 लाख 45 हजार 460 रुपये की धोखाधड़ी हुई है.

### शिवपुरी में छह करोड़ की चरस बरामद

मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में पुलिस ने 30 किलो से अधिक अवैध चरस जब्त की है, जिसकी कीमत छह करोड़ 21 लाख 60 हजार आंकी गई है. शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि देहात थाना पुलिस ने ग्राम मझेरा के पास कोटा-कानपुर फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़े एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा. पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से 30 किलो 295 ग्राम चरस बरामद की गई. पकड़े गए आरोपी की पहचान संदीप सिंह (38), निवासी कोलारस, जिला शिवपुरी के रूप में हुई है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में एक ट्रक ड्राइवर और ट्रक मालिक का नाम बताया है, जो उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी बताए गए हैं. उनकी तलाश की जा रही है.


# प्रेरणादायक हैं शिक्षक : मोदी

**नयी दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता). प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामनायें दीं हैं.**

मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, सभी को, विशेष रूप से सभी परिश्रमी शिक्षकों को, शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें! बुद्धि का विकास करने में शिक्षकों का समर्पण एक सशक्त और उज्जवल भविष्य की नींव रखता है. हम एक प्रतिष्ठित विद्वान एवं शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और विचारों को भी उनकी जयंती पर याद करते हैं. यह दिवस प्रति वर्ष पांच सितंबर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है. प्रधानमंत्री ने कल यहां राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को संबोधन के दौरान शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा, आइए, एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में काम करें! और, युवा पीढ़ी को इस लक्ष्य के लिए प्रेरित करने में हमारे शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि शिक्षकों के प्रति सम्मान भारतीय समाज की विशिष्ट और शाश्वत परंपरा है. शिक्षकों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह उनके शिक्षा के प्रति समर्पण की वास्तविक पहचान है.

# अनिल अंबानी के लोन खाते फ्रॉड घोषित

- बीओबी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इस निर्णय की पुष्टि की
- उद्योगपति अनिल अंबानी की लगातार बढ़ रही परेशानी



**नई दिल्ली, 05 सितंबर. कर्ज के बोझ तले दबे उद्योगपति अनिल अंबानी की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने भी उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और उसके लोन खाते को धोखाधड़ी (फ्रॉड) घोषित कर दिया है. बैंक ने गुरुवार को एक्सचेंज फाइलिंग में इस निर्णय की पुष्टि की.**

इस घोषणा के तुरंत बाद शेयर बाजार में हलचल देखी गई. बीएसई पर आरकॉम का शेयर शुरुआती कारोबार में 2.8 प्रतिशत टूटकर 1.39 रुपये पर आ गया. यह गिरावट उसके 52 हफ्तों के न्यूनतम स्तर 1.33 रुपये के करीब पहुँचा गई.

आरकॉम प्रबंधन का कहना है कि जिन लोन और क्रेडिट सुविधाओं की बात हो रही है, वे कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू होने से पहले की हैं. साथ ही कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अनिल अंबानी वर्ष 2006 से 2019 तक केवल नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे और उनके पास संचालन संबंधी कोई अधिकार नहीं था.

अंबानी ने बयान जारी कर कहा कि आरकॉम को 14 बैंकों के समूह से ऋण मिला था, लेकिन अब कुछ बैंक अलग-अलग समय पर उन्हें निशाना बना रहे हैं. उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले में वे कानूनी सलाह लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे. इससे पहले भी प्रवर्तन निदेशालय उनके समूह की कंपनियों की जांच कर चुका है.



# ग्वालियर में बाढ़ के हालात

## कई बस्तियां पूरी तरह जलमग्न, लोग कर रहे पलायन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 05 सितंबर. ग्वालियर शहर के कई इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए है. शहरी क्षेत्र के तीन डेम रमौआ, अलापुर, वीरपुर बांध फुल होने पर इन बांधों के गेट खोले गए है.**

जैसे ही वीरपुर बांध के गेट खोले गए वैसे ही इलाके में विवाद उत्पन्न हो गया क्योंकि वीरपुर बांध के आसपास डूब क्षेत्र में बसे लोगों का आरोप है कि बांध के गेट खोलने से पहले उन्हें किसी भी तरह की सूचना नहीं दी गई. ऐसे में अगर जल स्तर बढ़ता है तो उनकी जान और माल को नुकसान हो सकता है. विरोध स्वरूप कुछ स्थानीय लोग बांध से निकलने वाले पानी में जल सत्याग्रह करने बैठ गए. वीरपुर बांध के 36 साल बाद गेट खोले गए हैं. डूब क्षेत्र के मकान भी बांध के पानी की चपेट में आ गए हैं. वीरपुर बांध क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था कड़ी कर दी गई और घूमने आने वाले या वीरपुर पुल से गुजर रहे लोगों को बांध के पानी से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है. आज शुक्रवार को गणपति विसर्जन तक की परमिशन बांध के आसपास नहीं दी गई.

शहर की ललियापुरा बस्ती बाढ़ में पूरी तरह जलमग्न होने के बाद पानी तेजी से आसपास के मौहल्लों की ओर बढ़ रहा है. आज सुबह से ही इस पूरे क्षेत्र में लोगों ने कीमती सामान समेटकर रिश्तेदारों और बाढ़ राहत शिविर में पलायन शुरू कर दिया. करीब सौ परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं. पूरे इलाके में घुटनों तक पानी भरा है. बर्तन और घरों का अन्य सामान पानी में तैर रहा है. घरों में रखा राशन भी डूब गया है.

नाराज लोगों का कहना है कि वे कल सुबह से ही बांध के गेट खुलवाने के लिए कलेक्ट्रेट और अफसरों के चक्कर लगाते रहे. शाम को एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि गेट खोला जाएगा, लेकिन गेट आधी रात के बाद खोले गए, तब तक बस्ती में पानी भर चुका था. राशन और सामान पूरी तरह डूब चुका था. जिले में तीन दिन से बारिश के कारण हालात बिगड़ गए हैं. ग्वालियर में इस मानसून सीजन में अब तक 1380 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है.

**समारोह** सीएम ने राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में की घोषणा, एक लाख 50 हजार शिक्षकों को मिलेगा फायदा

# शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि प्रदेश के शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, उच्च शिक्षक, नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाएगा. इससे प्रदेश के 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे. इसके लिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा.**



सभी पात्र शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात वित्त वर्ष 2025-26 से मिलेगी. इससे सरकार पर करीब 117 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय भार आएगा. उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान और उन्हें सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठायेगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने ये बड़ी घोषणा की. समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया. साथ ही शासकीय विद्यालयों में कक्षा एक से 8 तक के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि अंतरित की.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय परंपरा में अनंत काल से ध्यान का आधार गुरु का स्वरूप, पूजा का आधार गुरु के चरण, मंत्र का आधार गुरु के वचन और मोक्ष का आधार गुरु की कृपा है. प्राचीन काल में गुरु ही भविष्य के लिए शासक तैयार करते थे.

### बच्चों के आत्महत्या पर राज्यपाल ने जताई चिंता

राज्यपाल पटेल ने कहा है कि समय की जरूरत है कि सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक आगे आयें और परिवार एवं समाज का मार्गदर्शन करें. देश और समाज के निर्माता शिक्षक होते हैं, वह भावी पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं. व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण करते हैं. भावी जीवन की सफलताओं के लिए तैयार करते हैं. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार का भाव सारे जीवन बना रहे, इसके लिए शिक्षकों और पालकों को आगे आना होगा.